# ‘द हरयिाणा प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम’

## चर्चा में क्यों?

20 जून, 2023 को हरयिाणा के वन एवं पर्यावरण मंत्री कंवर पाल ने बताया कि राज्य सरकार बुजुर्ग लोगों को दी जाने वाली पेंशन की तर्ज पर 75 वर्ष से ज्यादा आयु के पेड़ों को भी पेंशन देगी। इस संबंध में सरकार ने ‘द हरयिाणा प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम’ तैयार करके अधसिूचति कर दी है।

## प्रमुख बदिु

- ‘द हरयिाणा प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम’के तहत दी जाने वाली यह पेंशन 2500 रुपए प्रतविर्ष होगी। अब लोग अपने घर के आंगन में खड़े और खेत में लगे हुए 75 वर्ष से अधकि आयु के पेड़ों की पेंशन के हकदार होंगे।
- फलिहाल यह स्कीम 5 साल के लयि बनाई गई है, बाद में आवश्यकता एवं सुझावों के आधार पर इसमें आगे सुधार कयिा जाता रहेगा।
- स्कीम में एक ही बीज से उत्पन्न पेड़ों को शामलि कयिा गया है। फकिसबेंगालेंससि की तरह एक बीज से उत्पन्न होने वाले पेड़ों के उपवन को भी एक ही पेड़ माना जाएगा।
- इस स्कीम में गरि हुए पेड़, खोखले, मृत, सूखे और रोगग्रस्त पेड़ शामलि नहीं हैं। वन भूमि पर खड़े पेड़ इस योजना के तहत कवर नहीं कएि जाएंगे।
- पर्यावरण मंत्री ने बताया कि ‘द हरयिाणा प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम’में 75 वर्ष से अधकि आयु के कनि-कनि पेड़ों को शामलि कयिा जाएगा, यह नरि्णय डविजिनल फॉरेस्ट ऑफसिर की अध्यक्षता में बनाई गई कमेटी द्वारा कयिा जाएगा।
- प्राण वायु देवता पेड़ के रख-रखाव के लयि राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली पेंशन की राशि पेड़ के मालकि के बैंक खाते में भेज दी जाएगी।
- प्राण वायु देवता पेड़ की पेंशन हर वर्ष ‘ओल्ड ऐज सम्मान पेंशन स्कीम’की तर्ज पर हर वर्ष बढ़ाई जाती रहेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-haryana-pran-vayu-devta-pension-scheme